**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 27 मई 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।
- हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता कृष्णमूर्ति हुड्डा ने रोहतक लोकसभा क्षेत्र के तीन हलकों में कांग्रेस द्वारा फर्जी मतदान करवाने का आरोप लगाया।
- जींद के चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह का आयोजन, 744 विद्यार्थियों को डिग्री व 7 शोधार्थियों को पी एच डी की उपाधि प्रदान की गई।
- हरियाणा के स्कूलों में कल से 30 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया।
- मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में भीषण गर्मी और लू चलने की संभावना जताई।
- हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग और स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचने के लिए एडवाइज़री जारी की।

.............................................................................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को आज उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने पंडित नेहरू का स्मरण किया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी सहित कई अन्य लोगों ने आज पंडित नेहरू की 60वीं पुण्यतिथि पर दिल्ली के शांतिवन स्थित उनके स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

.............................................................................

हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता कृष्णमूर्ति हुड्डा ने लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी पर रोहतक लोकसभा क्षेत्र में फर्जी मतदान करवाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस की निर्वाचन आयोग को शिकायत की जाएगी।

कृष्णमूर्ति हुड्डा ने आज रोहतक में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र हुड्डा की हार के डर से लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों में जमकर फर्जी मतदान हुआ जिसकी पुष्टि सी.सी.टी.वी. कैमरो से हो सकती है। हुई। उन्होंने मांग की कि महम, गढ़ी सांपला किलोई व बेरी विधानसभा हलकों में अर्धसैनिक बलों की देखरेख में दोबारा मतदान होना चाहिए। पत्रकार वार्ता में मौजूद भारतीय जनता पार्टी के एक चुनाव एजेंट ने भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर फर्जी मतदान करने का आरोप लगाया।

.............................................................................

जींद के चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आज चतुर्थ दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश डॉ सूर्यकांत ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की जबकि समारोह की अध्यक्षता हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने की।

समारोह में 2021 से 2023 सत्र के 744 विद्यार्थियों को डिग्री और 7 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। इसके ईलावा 21 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए

गए। डिग्री पाने वाले और 744 विद्यार्थियों में से 509 छात्राएं है। इसी तरह पीएचडी की उपाधि पाने वालों में 4 महिला शोधार्थी हैं और स्वर्ण पदक पाने वालों में 18 महिला विद्यार्थी हैं । दीक्षांत समारोह में डीएवी शिक्षण संस्थाओं के अध्यक्ष पूनम सूरी को भी डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में न्यायमूर्ति डॉ. सूर्यकांत ने छात्रों से आहवान किया कि वे सभी विद्यार्थी अपने जीवन में लक्ष्य अवश्य निर्धारित करें क्योकि जीवन में आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य का होना अति आवश्यक है। उन्होने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया।

……………………………………………………………………

हरियाणा में भीषण गर्मी और लू के चलते बाल वाटिका से लेकर 12वीं कक्षा तक सभी स्कूलों में कल से 30 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश सभी सरकारी मान्यता प्राप्त एवं निजी शिक्षण संस्थानों के लिए जारी किये गए हैं।

जो शिक्षण संस्थान विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन नहीं करेगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। आदेश में सभी अध्यापकों को आज ही विद्यार्थियों को छुट्टियों का गृह कार्य देना सुनिश्चित करने को कहा गया है। स्कूल पुन: पहली जुलाई को पहले की भांति खुलेंगे।

……………………………………………………………………

मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 30 मई तक भीषण गर्मी पड़ने और लू चलने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के अनुसार दक्षिणी और पश्चिमी पंजाब एवं हरियाणा के कुछ हिस्सों में तापमान में लगभग 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है और तापमान 45 से 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इसी तरह चंडीगढ़ सहित हरियाणा और पंजाब के उत्तरी हिस्सों में भी आगे तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। इस दौरान पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में रात को भी अधिक गर्मी होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि 30 मई से एक जून के दौरान पंजाब और हरियाणा में एक दो स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग ने लोगों को गर्मी व धूप से बचने, हलके रंग के ढीले सूती कपड़े पहनने, सिर ढक कर रखने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी है।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने भी लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में , हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान में धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को लू से बचने की सलाह दी गई है। इसके इलावा पशुपालकों को भी पशुओं को छाया में या ठंडे बाड़ों में बांधने एंव समय समय पर पानी पिलाने को कहा गया है। आमजन से आहवान किया गया है कि वे सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें ।

……………………………………………………………………

प्रदेश में बढ़ती गर्मी के प्रकोप के चलते हरियाणा स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी कई प्रबंध किए गए हैं। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉक्टर रणदीप पूनिया ने बताया कि बढ़ती गर्मी को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी एडवाइजरी जारी की गई है। आइए और जानकारी लेते हैं डॉक्टर रणदीप पूनिया से:-

डॉक्टर रणदीप पूनिया ने कहा कि जिन अस्पतालों में ओपीडी के अधिक मरीज आते हैं वहां पर पंखों एंव कूलर की व्यवस्था करने तथा अस्पताल में ओआरएस कार्नर बनाकर यह घोल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

……………………………………………………………………

हरियाणा में भिवानी का तापमान 47 डिग्री के करीब पहुंच गया है।

भीषण गर्मी और लू को देखते हुए भिवानी के सामान्य अस्पताल में हाइपोथर्मिया वार्ड की स्थापना की गई है ताकि लू लगने से पीड़ित व्यक्तियों का यहां इलाज किया जा सके।

कैथल से भी महारे संवाददाता ने अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की खबर दी है। अधिक गर्मी एवं लू से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है।

……………………………………………………………………

हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने गर्मी के मौसम में बिजली की खपत बढ़ने के मद्देनजर हरियाणा सिविल सचिवालय के अधिकारियों एंव कर्मचारियों को बिजली के उपकरणों, विशेषकर ए.सी., कूलर और पंखों इत्यादि को लेकर खास एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा सभी शाखा प्रभारियों को लिखे एक पत्र में कहा गया है कि निरीक्षण के दौरान कई विद्युत उपकरण जैसे ट्यूब लाइट, यू.पी.एस. पंखे और एयर कंडीशनर चलते हुए पाए गए। अधिकारियों एंव कर्मचारियों की ऐसी लापरवाही के चलते बिजली की बर्बादी हो रही है जिससे बिजली का बिल बढ़ने के साथ-साथ बिजली उपकरण खराब भी हो सकते हैं। साथ ही इससे आग लगने की आशंका भी बनी रहती है।

पत्र में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि उपयोग में न होने या कार्यालय छोड़ने से पहले बिजली के सभी प्वाइंट बंद हों। मुख्य सचिव ने कहा है कि यह उनकी नैतिक जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए शाखा प्रभारी उत्तरदायी होंगे।

……………………………………………………………………

हिसार के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को 'मोटाइल कैटल फीडिंग ट्रॉली' नामक उत्पाद के दस साल के डिजाइन अधिकार मिले हैं। भारतीय पेटेंट कार्यालय की ओर से जारी डिजाइन प्रमाण पत्र में इस उत्पाद की पंजीकरण संख्या 371981-001 है। इस मोटाइल कैटल फीडिंग ट्रॉली का डिजाइन विश्वविद्यालय की शोधार्थी खुशबू ने मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु मेहता की देखरेख में तैयार किया है। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।

डॉ मंजु मेहता ने बताया कि अक्सर देखा गया है कि पशुपालन में महिलाओं को चारा डालने में सबसे ज्यादा समस्या होती है। इस को ध्यान में रखते हुए यह पशु चारा ट्राली बनाई गई है। यह ट्रॉली लोहे की चादर और रबड़ से बनी है। ट्रॉली का इस्तेमाल चारा डालने के साथ - साथ पशुओं को पानी पिलाने के लिए भी किया जा सकता है। मोटाइल कैटल फीडिंग ट्राली से चारा आसानी से उठा कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि इसके प्रयोग से महिलाओं की कार्यक्षमता बढ़ेगी तथा उनके समय एवं ऊर्जा की बचत भी होगी।

……………………………………………………………………